# MINUTES OF
# IQAC
# MEETINGS

# IQAC रजिस्टर

नैक एवं IQAC समिति :-

1. डॉ० प्रशान्त कुमार सिंह - संयोजक
2. डॉ० आशुतोष शरण - सदस्य
3. डॉ० आर० के० वर्मा - सदस्य
4. डॉ० अन्जनी प्रसाद दूबे - सदस्य

प्रमाणित किया जाता है कि इस पंजिका में कुल (114) पृष्ठ हैं तथा सभी पृष्ठों पर पृष्ठ संख्या अंकित कर दी गई है।

[signature] ..09/18
(डॉ. प्रशान्त कुमार सिंह)
एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र
राजकीय महाविद्यालय,
लक्सर (हरिद्वार)

[signature]
प्राचार्य/प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

(01) **आवश्यक सूचना**

राजकीय महाविद्यालय, लक्सर के IQAC समिति एवं बैंक समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक: 27/09/18 को अपराह्न 2:00 बजे प्राचार्य कक्ष में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। आप सबकी उपस्थिति अनिवार्य है।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

27/09/18
डॉ० प्रशान्त कुमार सिंह
संयोजक

सदस्य :-

1. डॉ० आशुतोष शरण -
2. डॉ० आर० के० वर्मा -
3. डॉ० ए० पी० दुबे

आज दिनांक 05.03.2020 को प्राचार्य कक्ष में IQAC की एक बैठक हुई। NAAC के सन्दर्भ में Extension Activities पर चर्चा हुई। विभिन्न कक्षाओं में छात्र-छात्राओं से वार्ता करने पर यह तथ्य सामने आया कि छात्र-छात्रायें NSS में प्रतिभाग करना चाहते हैं। बी.ए. प्रथम के छात्र-छात्राओं ने इसमें विशेष अभिरुचि प्रदर्शित की।

यह बात भी सामने रखी गई कि महाविद्यालय में सत्र 2012-13 तक राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई संचालित रही एवं विशेष परिस्थितियों के कारण यह इकाई आगे संचालित नहीं हो पाई।

यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय को महाविद्यालय की परिस्थितियों से अवगत कराते हुए महाविद्यालय हेतु NSS की इकाई पुनः प्राप्त करने का प्रयास किया जाए।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

आज दिनांक 14.07.2020 को प्राचार्य कक्ष में IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। पुनः छात्र-छात्राओं हेतु Extension Activities पर विमर्श किया गया। कक्षाओं में छात्र-छात्राओं से हुई अनौपचारिक वार्ता में Extension Activities में उनकी परिलक्षित अभिरुचियों को शिक्षकों के द्वारा प्राचार्य के सम्मुख रखा गया।

छात्र-छात्राओं ने Rovers & Rangers के सम्बन्ध में अभिरुचि दिखाई थी।

यह निर्णय लिया गया कि छात्राओं हेतु Rovers एवं छात्रों हेतु Rangers unit महाविद्यालय में प्रारम्भ की जा सकती है।

(signature)
(संयोजक)

(signature)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

(signature)
(signature)

आज दिनांक 27/07/2020 को प्राचार्य कक्ष में IQAC की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं से कक्षाओं में किए गए विमर्श को भी रखा गया। इस सन्दर्भ में यह सहमति बनी कि महाविद्यालय के विकास के दृष्टिकोण से अगले पाँच वर्षों की एक रणनीतिक योजना तैयार की जाए। यह रणनीतिक योजना 2020 से 2025 के लिए होगी। योजना में महाविद्यालय के ढाँचागत विकास पर विमर्श एवं सम्भावित कार्ययोजना होगी। साथ ही छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने एवं शैक्षिक एवं सामाजिक प्रतियोगिताओं में उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु निम्नांकित बिन्दुओं को पठन-पाठन (Curricula) का अंग बनाने का निर्णय लिया गया - ग्रुप डिस्कसन, क्विज, पावर प्वाइन्ट प्रेजेन्टेशन, पोस्टर प्रिपरेशन आदि। छात्र-छात्राओं की माँग पर महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित विषयों में पी.जी. कक्षा शुरु करने हेतु विभाग/शासन से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्नातक स्तर पर नए विषय खोलने का निर्णय लिया गया।

[signature] [signature]

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

(संयोजक)

[signature]
Ramyeeiya

आज दिनांक 14/08/2020 को सम्पन्न IQAC की बैठक महाविद्यालय हितों के साधन विस्तार को लेकर चर्चा हुई यह बात सामने रखी गई कि उद्योगों के प्रबन्धन (Management) द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक संस्थानों की मदद भी की जाती है। इस दृष्टिकोण से स्थानीय व्यापार मण्डल की कार्यकारिणी / सदस्य मण्डल के प्रतिनिधियों को महाविद्यालय की IQAC में शामिल करने हेतु कार्रवाई (proceedings) शुरु करने का निर्णय लिया गया।

यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में बी॰ए॰ प्रथम वर्ष एवं बी॰ए॰ द्वितीय वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों को भी IQAC कार्यकारिणी में शामिल किया जाए।

यह सभी निर्णय IQAC के सम्बन्ध में यू॰जी॰सी॰ / नैक के निर्देशों के अनुरूप ही हैं।

[signature]

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

[signature]
( [signature] )

[signature]
[signature]

आज दिनांक 16/09/2020 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में IQAC की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं से प्राप्त विमर्श के अनुसार महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं का एक संगठन तैयार करने का निर्णय लिया गया। पूर्व छात्र-छात्राओं को इस सम्बन्ध में अवगत कराने हेतु शिक्षकों को उन्हें contact करने के निर्देश दिए गए। पूर्व छात्र-छात्राओं से कॉलेज योजना में विमर्श लेने एवं गैर-सरकारी स्रोतों से महाविद्यालय के लिए आर्थिक सहायता की सम्भावनाओं को तलाशने (explore करने) का निर्णय लिया गया।

आगे की बैठकों में छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को भी प्रतिनिधि के तौर पर शामिल करने का निर्णय लिया गया। समस्त शिक्षकों की राय है कि इससे feedback काफी बेहतर हो पायेगा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

आज दिनांक २१.१२.२०२१ को IQAC की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में निम्नांकित बिन्दुओं पर विमर्श किया गया।

महाविद्यालय द्वारा ग्राम गोद लिया जाना है। गोद लिए गए गाँव में छात्र-छात्रा पर्यावरण जागरुकता, कुरीति उन्मूलन एवं स्वास्थ्य जागरूकता का अभियान चलायेंगे, महाविद्यालय से निकटता के कारण ग्राम मुरखा को सबसे उपयुक्त पाया गया।

द्वितीय बिन्दु छात्र-छात्राओं की mentorship रही। शिक्षक छात्र-छात्राओं को career building, सामाजिक मनोवैज्ञानिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी विमर्श देते रहेंगे। इस प्रयोजनार्थ यह निर्णय हुआ कि एक प्रश्नावली (Questionnaire) तैयार कर छात्र-छात्राओं से पूरित करवाने का निर्णय लिया गया।

छात्राओं की आवश्यकता एवं कक्षाओं से प्राप्त feedback के आधार पर यह भी निर्णय लिया गया कि छात्राओं हेतु एक पृथक शौचालय की आवश्यकता है और इस हेतु निदेशालय को एक बजट प्रस्ताव प्रेषित किया जाए।

[signature]

[signature]

[signature]

[signature]

[signature]

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)

आज दिनांक 06/01/2023 को प्राचार्य कक्ष में IQAC की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का मुख्य विषय महाविद्यालय की NAAC परीक्षण के सम्बन्ध में तैयारी का आकलन था।

IQAC एवं प्राचार्य के द्वारा यह बात रखी गई कि SSR के सम्बन्ध में तैयारी को एक त्वरित गति प्रदान करनी है।

बैठक के माध्यम से कार्यालय को अपने अभिलेख को अद्यतन करने एवं प्रस्तुतिकरण के लिए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

समस्त शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि उन्हें आवंटित विषयों का वे पूर्ण अवलोकन करें एवं महाविद्यालय अभिलेख (archives) से तथ्य एवं आँकड़े (facts & data) को NAAC में पृच्छित (enquired) स्वरूप में अंकित करने का कार्य शीघ्रता से सम्पन्न करने का कार्य करें।

कार्यालय स्टाफ एवं शिक्षक एक-दूसरे के साथ पारस्परिक सहयोग (mutual cooperation) को बढ़ायें ताकि कार्य शीघ्रता से सम्पन्न हो जाए।

पुस्तकालयाध्यक्ष को भी शिक्षकों से सहयोग करने एवं पुस्तकालय से वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया।

इस बात पर सर्वसम्मति बनी कि IIQA शीघ्र दाखिल (Submit) कर दिया जाए।

[signature]

[signature]

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
लक्सर (हरिद्वार)